# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 15-4-23 | 3 | 6-8 |

# 'भारतीय समाज के उत्थान में डॉ. भीम राव आंबेडकर का अविस्मरणीय योगदान'



*कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों को संबोधित करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।*

हिसार, 13 अप्रैल (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सभागार में एन.एस.एस. इकाई द्वारा जलियांवाला बाग हत्याकांड के अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती मनाने के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना कर वंदे मातरम गीत से की गई।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि आज हम 13 अप्रैल 1919 को पंजाब के अमृतसर में हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के दौरान शहीद हुए लोगों को याद कर रहे हैं, जोकि वैशाखी पर्व मनाने के लिए एकत्रित हुए थे, लेकिन अंग्रेजों के जनरल डायर ने हजारों बेकसूर लोगों पर बर्बरतापूर्ण तरीके से गोलियां चलवा दी थीं। उन्होंने बताया कि आज हम आजाद है और खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं, जिसके पीछे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का अहम बलिदान रहा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा अपने अमर शहीदों को समय-समय पर याद करना व उनकों श्रद्धासुमन अर्पित करना अच्छे संस्कारों की निशानी है।

उन्होंने बताया कि साथ ही हम भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती भी मना रहे हैं। भारतीय समाज के उत्थान में डॉ. भीम राव आंबेडकर का अविस्मरणीय योगदान रहा है। जीवनपर्यन्त असमानता, छुआछूत, अशिक्षा जैसी बुराइयों को मिटा कर उन्होंने सभी जाति व धर्म के लोगों को एक सूत्र में पिरोकर देश को संगठित व मजबूत बनाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान को ड्राफ्ट करने में दिए विशेष योगदान के लिए भी हम उन्हें याद करते हैं। इस अवसर पर सभी विभागों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष सहित डॉ. चंद्रशेखर डागर व एन.एस.एस. अवार्डी डॉ. भगत सिंह भी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 14.4.23 | 5 | 4-5 |

# अमर शहीदों को याद रखना अच्छे संस्कारों की निशानी : प्रो. कांबोज



एचएयू में वैशाखी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति कांबोज। संवाद

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के कृषि महाविद्यालय सभागार में जलियांवाला बाग हत्याकांड के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि और भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि अमर शहीदों को याद रखना अच्छे संस्कार का प्रतीक है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने स्वयंसेवकों से देश की प्रगति में योगदान देकर अहम हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। कृषि इस मौके पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. चंद्रशेखर डागर, एनएसएस अवॉर्डी डॉ. भगत सिंह, रोबिन, उज्ज्वल मौजूद रहे। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 14.4.23 | 5 | 3-5 |

## भारतीय समाज के उत्थान में डॉ. भीम राव अंबेदकर का अविस्मरणीय योगदान : प्रो. काम्बोज



कार्यक्रम के दौरान स्वयं सेवकों को संबोधित करते कुलपति प्रो. काम्बोज।

हिसार, 13 अप्रैल (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सभागार में एनएसएस ईकाई द्वारा जलियांवाला बाग हत्याकांड के अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती मनाने के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना कर वंदे मातरम गीत से की गई।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि आज हम 13 अप्रैल 1919 को पंजाब के अमृतसर में हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के दौरान शहीद हुए लोगों को याद कर रहे हैं, जोकि बैसाखी पर्व मनाने के लिए एकत्रित हुए थे लेकिन अंग्रेजों के जनरल डायर ने हजारों बेकसूर लोगों पर बर्बरतापूर्ण तरीके से गोलियां चलवा दी थीं। उन्होंने बताया कि आज हम आजाद हैं और खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं, जिसके पीछे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का अहम बलिदान रहा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा अपने अमर शहीदों को समय-समय पर याद करना व उनको श्रद्धासुमन अर्पित करना अच्छे संस्कारों की निशानी है। उन्होंने बताया कि साथ ही हम भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती भी मना रहे हैं। भारतीय समाज के उत्थान में डॉ. भीम राव अम्बेडकर का अविस्मरणीय योगदान रहा है। जीवनपर्यन्त असमानता, छुआछूत, अशिक्षा जैसी बुराइयों को मिटा कर उन्होंने सभी जाति व धर्म के लोगों को एक सूत्र में पिरोकर देश को संगठित व मजबूत बनाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान को ड्राफ्ट करने में दिए विशेष योगदान के लिए भी हम उन्हें याद करते हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने भी जलियांवाला बाग हत्याकांड में अमर शहीदों को याद किया, साथ ही भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा देश का संविधान निर्माण में उनका अतुल्य योगदान के बारे में बताया। उन्होंने स्वयंसेवकों से देश की प्रगति में योगदान देकर अहम हिस्सा बनने के लिए प्रेरित भी किया।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने जलियांवाला बाग हत्याकांड व भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का देश के प्रति योगदान के कुछ प्रसंगों को सभी से साझा किया, साथ ही उनसे मिली सीख को अपने जीवन में लागू करने का संदेश भी दिया। एनएसएस ईकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता ने सभी का स्वागत किया, जबकि डॉ. विपन कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच का संचालन छात्र रोबिन व उज्ज्वल ने किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक | 14-4-23 | 2 | 3-4 |

# भारतीय समाज के उत्थान में डॉ. भीम राव आंबेडकर का अविस्मरणीय योगदान : वीसी

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि कॉलेज के सभागार में एनएसएस ईकाई ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने एवं भारत रत्न बाबा साहिब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती पर कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उपस्थित रहे।

प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि आज हम 13 अप्रैल 1919 को पंजाब के अमृतसर में हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के दौरान शहीद हुए लोगों को याद कर रहे हैं, जो बैसाखी पर्व मनाने के लिए एकत्रित हुए थे लेकिन अंग्रेजों के जनरल डायर ने हजारों बेकसूर लोगों पर बर्बरतापूर्ण तरीके से गोलियां चलवा दी थीं। आज हम आजाद है और खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं, जिसके पीछे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का अहम बलिदान रहा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा और कृषि कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने भी जलियांवाला बाग हत्याकांड में अमर शहीदों को याद किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 14.4.23 | 4 | 3 |

## डॉ. आंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी कल

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती के उपलक्ष्य में 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

अधिष्ठाता व डॉ. आंबेडकर चेयर के अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य विषय सामाजिक सुधारों में डॉ. आंबेडकर की भूमिका रहेगा। कुलपति प्रो. कांबोज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। सचिव डॉ. बलवान सिंह ने बताया कि संगोष्ठी में मुख्य वक्ता हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के उपाध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय कांगड़ा के पूर्व कुलपति डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री होंगे।

विशिष्ट अतिथि सप्त सिंधु डॉ. भीमराव आंबेडकर अध्ययन केंद्र, चंडीगढ़ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार होंगे। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 14-4-23 | 5 | 7-8 |

# कृवि में कल डॉ. भीमराव अंबेदकर की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

हिसार, 13 अप्रैल (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 15 अप्रैल 2023 को प्रातः 11 बजे संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता व डॉ. बी.आर. अंबेडकर-चेयर के अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य विषय सामाजिक सुधारों में डॉ. भीमराव अंबेडकर की भूमिका रहेगा। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार एवं गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उपस्थित होंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 14.4.23 | 4 | 7-8 |

## हकृवि में डा. आंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी कल

हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 15 अप्रैल को संगोष्ठी होगी। विवि के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता व डा. बीआर आंबेडकर चेयर के अध्यक्ष डा. नीरज कुमार ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य विषय सामाजिक सुधारों में डा. भीमराव आंबेडकर की भूमिका रहेगी। (जासं)

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 14.04.2023 | | |

## हकृवि में 15 अप्रैल को होगा डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन होगा

सिटीपल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 15 अप्रैल 2023 को प्रातः 11:00 बजे संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता व डॉ. बी.आर. अंबेडकर चेयर के अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य विषय सामाजिक सुधारों में डॉ. भीमराव अंबेडकर की भूमिका रहेगा। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार एवं गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उपस्थित होंगे। डॉ. बी.आर. अंबेडकर चेयर के सचिव डॉ. बलवान सिंह ने बताया कि संगोष्ठी में मुख्य वक्ता हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के उपाध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्विद्यालय, कांगड़ा के पूर्व कुलपति डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि सप्त सिंधु डॉ. भीमराव अंबेडकर अध्ययन केंद्र, चंडीगढ़ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार होंगे।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अमर उजाला | 15.4.23 | 5 | 3-5 |

# एचएयू का दीक्षांत समारोह 24 अप्रैल को

## समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू होंगी मुख्य अतिथि, 865 विद्यार्थियों को दी जाएगी उपाधि

**माई सिटी रिपोर्टर**

हिसार। एचएयू में आगामी 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में 865 स्नातकों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 124 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे।



कुलपति डॉ. बीआर कांबोज।

दीक्षांत समारोह में उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों को उनकी पहचान के सत्यापन और पूर्वाभ्यास के लिए 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे विश्वविद्यालय में रिपोर्ट करना होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज ने बताया कि दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिरकत करेंगी। इसके अलावा राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल के भव्य स्वागत के लिए तैयारियां चल रही हैं।



एचएयू का प्रवेश द्वार। *संवाद*

दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके 290 विद्यार्थियों को स्नातक, 447 को स्नातकोत्तर एवं 128 को डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 124 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। दीक्षांत समारोह में डिग्रियां व स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित है। दीक्षांत समारोह में कोविड संबंधित जारी गाइडलाइन का अनिवार्य रूप से पालन किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 15-4-23 | 5 | 6-8 |

### सतर्कता • कोविड गाइडलाइन्स की पालना होगी अनिवार्य

# दीक्षांत समारोह में 124 छात्र-छात्राएं स्वर्ण पदक से किए जाएंगे सम्मानित

## हरियाणा कृषि विवि में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी मुख्यातिथि

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में 865 स्नातकों को उपाधियां प्रदान करेगा। इसके लिए विवि प्रशासन ने तैयारी कर ली है। दीक्षांत समारोह हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में होगा। जिसमें देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्यातिथि जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे। इसके अलावा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे।



वीसी प्रो. बीआर काम्बोज।

## समारोह में 128 छात्रों को मिलेगी डॉक्ट्रेट की उपाधि

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को 290 स्नातकों, 447 परास्नातकों एवं 128 डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 124 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों से उनकी पहचान के सत्यापन तथा पूर्वाभ्यास के लिए 23 अप्रैल को प्रातः 10 बजे विश्वविद्यालय में रिपोर्ट करने को कहा है। ऐसा न करने पर वे दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं हो सकेंगे।

## ड्रेस कोड होगा फॉलो, सफेद ड्रेस में पहुंचेंगे छात्र

विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह में डिग्रियां व स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सफेद ड्रेस निर्धारित की गई है। ड्रेस कोड के मुताबिक डिग्री प्राप्त करने वाले लड़कों के लिए पूरी बाजू की सफेद शर्ट-सफेद पेंट, काले रंग की बेल्ट, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते, जबकि लड़कियों के लिए आधी बाजू का सफेद ब्लाऊज, लाल बॉर्डर की सफेद रंग की साड़ी व काले रंग के चमड़े के जूते या सैंडल ड्रेस कोड के रूप में अनिवार्य होंगे। अति विशिष्ट परिस्थिति में महिला स्नातक को उपरोक्त ड्रेस के स्थान पर लाल बार्डर की सफेद कमीज, सफेद सलवार व सफेद दुपट्टा के साथ काले रंग के जूते या सैंडिल पहनने की अनुमति होगी। दीक्षांत समारोह में कोविड संबंधित जारी गाइडलाइन का अनिवार्य रूप से पालन किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 15-4-23 | 6 | 4-5 |

# हकृवि के दीक्षांत समारोह में 865 को प्रदान की जाएंगी डिग्रियां

जागरण संवाददाता, हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में 865 स्नातकों को उपाधियां प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि दीक्षांत समारोह हरियाणा के माननीय राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में होगा, जिसमें देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे। कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह में एक अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को 290 स्नातकों, 447 परास्नातकों एवं 128 डाक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 124 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

**128** को डाक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी

**124** को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे

## सफेद ड्रेस होगी निर्धारित

समारोह में डिग्रियां व स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सफेद ड्रेस निर्धारित की गई है। ड्रेस कोड के मुताबिक डिग्री प्राप्त करने वाले लड़कों के लिए पूरी बाजू की सफेद शर्ट-सफेद पेंट, काले रंग की बेल्ट, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते, जबकि लड़कियों के लिए आधी बाजू का सफेद ब्लाऊज, लाल बार्डर की सफेद रंग की साड़ी व काले रंग के चमड़े के जूते ड्रेस कोड के रूप में अनिवार्य होंगे। अति विशिष्ट परिस्थिति में महिला स्नातक को उपरोक्त ड्रेस के स्थान पर लाल बार्डर की सफेद कमीज, सफेद सलवार व सफेद दुपट्टा के साथ काले रंग के जूते या सैंडिल पहनने की अनुमति होगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 15-4-23 | 5 | 6-8 |

# हकृवि के दीक्षांत समारोह में शिक्षा पूरी कर चुके 865 विद्यार्थियों को प्रदान की जाएंगी डिग्रियां


कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज

हिसार, 14 अप्रैल (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय आगामी 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में 865 स्नातकों को उपाधियां प्रदान करेगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि दीक्षांत समारोह हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में होगा, जिसमें देश की माननीय राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु जी इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे। कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को 290 स्नातकों, 447 परास्नातकों एवं 128 डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 124 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों से उनकी पहचान के सत्यापन तथा पूर्वाभ्यास के लिए 23 अप्रैल को प्रातः 10 बजे विश्वविद्यालय में रिपोर्ट करने की अपील की है। ऐसा न करने पर वे दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं हो सकेंगे। यहां उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह में डिग्रियां व स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सफेद ड्रेस निर्धारित की गई है। ड्रेस कोड के मुताबिक डिग्री प्राप्त करने वाले लड़कों के लिए पूरी बाजू की सफेद शर्ट-सफेद पेंट, काले रंग की बेल्ट, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते, जबकि लड़कियों के लिए आधी बाजू का सफेद ब्लाउज, लाल बॉर्डर की सफेद रंग की साड़ी व काले रंग के चमड़े के जूते या सैंडल ड्रैस कोड के रूप में अनिवार्य होंगे। अति विशिष्ट परिस्थिति में महिला स्नातक को उपरोक्त ड्रेस के स्थान पर लाल बार्डर की सफेद कमीज, सफेद सलवार व सफेद दुपट्टा के साथ काले रंग के जूते या सैंडिल पहनने की अनुमति होगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 15-4-23 | 10 | 6-8 |

# 865 विद्यार्थियों को दी जाएंगी डिग्रियां

## हकृवि का दीक्षांत समारोह 24 को, राष्ट्रपति होंगी मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸। हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय आगामी 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में 865 स्नातकों को उपाधियां प्रदान करेगा। समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को 290 स्नातकों, 447 परास्नातकों एवं 128 डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 124 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि समारोह में राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में होगा, जिसमें देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु इस अवसर पर मुख्यातिथि



■ कार्यक्रम में 128 को मिलेगी डॉक्टरेट की उपाधी

होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों से उनकी पहचान के सत्यापन तथा पूर्वाभ्यास के लिए 23 अप्रैल को प्रातः 10 बजे विश्वविद्यालय में रिपोर्ट करने की अपील की है। ऐसा न करने पर वे दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं हो सकेंगे। यहां उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह में डिग्रियां व स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सफेद ड्रेस निर्धारित की गई है। ड्रेस कोड के मुताबिक डिग्री प्राप्त करने वाले लडकों के लिए पूरी बाजू की सफेद शर्ट-सफेद पैंट, काले रंग की बेल्ट, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते, जबकि लड़कियों के लिए आधी बाजू का सफेद ब्लाऊज, लाल बॉर्डर की सफेद रंग की साड़ी व काले रंग के चमड़े के जूते या सैंडल ड्रेस कोड के रूप में अनिवार्य होंगे।

अति विशिष्ट परिस्थिति में महिला स्नातक को उपरोक्त ड्रेस के स्थान पर लाल बार्डर की सफेद कमीज, सफेद सलवार व सफेद दुपट्टा के साथ काले रंग के जूते या सैंडिल पहनने की अनुमति होगी। दीक्षांत समारोह में कोविड संबंधित जारी गाइडलाइन का अनिवार्य रूप से पालन किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सच कहूँ | 15-4-23 | 5 | 2-6 |

### हकृवि के दीक्षांत समारोह में 865 विद्यार्थियों को प्रदान की करेंगी डिग्रियां

# हिसार में पहली बार आएंगी राष्ट्रपति मुर्मु

हिसार (सच कहूँ/संदीप सिंहमार)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय आगामी 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में 865 स्नातकों को उपाधियां प्रदान करेगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि दीक्षांत समारोह हरियाणा के माननीय राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में होगा, जिसमें देश की माननीय राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु जी इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे। कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को 290 स्नातकों, 447 परास्नातकों एवं 128 डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 124 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों से उनकी पहचान के सत्यापन तथा पूर्वाभ्यास के लिए 23 अप्रैल को प्रातः 10 बजे विश्वविद्यालय में रिपोर्ट करने की अपील की है। ऐसा न करने पर वे दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं हो सकेंगे।




### स्पेशल होगा ड्रेस कोड

विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह में डिग्रियां व स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सफेद ड्रेस निर्धारित की गई है। ड्रेस कोड के मुताबिक डिग्री प्राप्त करने वाले लड़कों के लिए पूरी बाजू की सफेद शर्ट-सफेद पैंट, काले रंग की बेल्ट, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते, जबकि लड़कियों के लिए आधी बाजू का सफेद ब्लाऊज, लाल बॉर्डर की सफेद रंग की साड़ी व काले रंग के चमड़े के जूते या सैंडल ड्रेस कोड के रूप में अनिवार्य होंगे। अति विशिष्ट परिस्थिति में महिला स्नातक को उपरोक्त ड्रेस के स्थान पर लाल बार्डर की सफेद कमीज, सफेद सलवार व सफेद दुपट्टा के साथ काले रंग के जूते या सैंडिल पहनने की अनुमति होगी। दीक्षांत समारोह में कोविड संबंधित जारी गाइडलाइन का अनिवार्य रूप से पालन किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 14.04.2023 | | |


# हकृवि के दीक्षांत समारोह में शिक्षा पूरी कर चुके 865 विद्यार्थियों को प्रदान की जाएंगी डिग्रियां

**हिसार, 14 अप्रैल ( समस्त हरियाणा न्यूज )।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय आगामी 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में 865 स्नातकों को उपाधियां प्रदान करेगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि दीक्षांत समारोह हरियाणा के माननीय राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में होगा, जिसमें देश की माननीय राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु जी इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे। कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को 290 स्नातकों, 447 परास्नातकों एवं 128 डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 124 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों से उनकी पहचान के सत्यापन तथा पूर्वाभ्यास के लिए 23 अप्रैल को प्रातः 10 बजे विश्वविद्यालय में रिपोर्ट करने की अपील की है। ऐसा न करने पर वे दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं हो सकेंगे। यहां उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह में डिग्रियां व स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सफेद ड्रेस निर्धारित की गई है। ड्रेस कोड के मुताबिक डिग्री प्राप्त करने वाले लड़कों के लिए पूरी बाजू की सफेद शर्ट-सफेद पैंट, काले रंग की बेल्ट, सफेद रंग की जुराबें व काले रंग के चमड़े के जूते, जबकि लड़कियों के लिए आधी बाजू का सफेद ब्लाऊज, लाल बॉर्डर की सफेद रंग की साड़ी व काले रंग के चमड़े के जूते या सैंडल ड्रेस कोड के रूप में अनिवार्य होंगे। अति विशिष्ट परिस्थिति में महिला स्नातक को उपरोक्त ड्रेस के स्थान पर लाल बार्डर की सफेद कमीज, सफेद सलवार व सफेद दुपट्टा के साथ काले रंग के जूते या सैंडिल पहनने की अनुमति होगी। दीक्षांत समारोह में कोविड संबंधित जारी गाइडलाइन का अनिवार्य रूप से पालन किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 14.04.2023 | | |

# शिक्षा पूरी कर चुके 865 विद्यार्थियों को हकृवि के दीक्षांत समारोह में प्रदान की जाएंगी डिग्रियां

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में 865 स्नातकों को उपाधियां प्रदान करेगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि दीक्षांत समारोह रा'यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में होगा, जिसमें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे। कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को 290 स्नातकों, 447 परास्नातकों एवं 128 डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यार्थियों में से शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 124 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों से उनकी पहचान के सत्यापन तथा पूर्वाभ्यास के लिए 23 अप्रैल को प्रातः 10 बजे विश्वविद्यालय में रिपोर्ट करने की अपील की है। ऐसा न करने पर वे दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं हो सकेंगे। दीक्षांत समारोह में कोविड संबंधित जारी गाइडलाइन का अनिवार्य रूप से पालन किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 14.04.2023 | | |

# दीक्षांत समारोह में 865 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री

नभ-छोर न्यूज ⏭ 14 अप्रैल

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय आगामी 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में 865 स्नातकों को उपाधियां प्रदान करेगा। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि दीक्षांत समारोह हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में होगा, जिसमें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु इस अवसर पर मुख्यातिथि होंगी व दीक्षांत संभाषण देंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल विशिष्ट अतिथि होंगे। दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों को 290 स्नातकों, 447 परास्नातकों एवं 128 डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी।